'ऑपरेशन महादेव' के बहादुरों का सम्मान

देशवासियों के मन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के लिए सभी सुरक्षा बलों को बधाई

- आतंकवाद : जम्मू कश्मीर पुलिस की बढती भूमिका
- भारत हर क्षेत्र में शीर्ष पर रहने की दिशा में बढ रहा

नयी दिल्ली 27 अगस्त. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादियों को 'ऑपरेशन महादेव' में मार गिराने वाले भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बहादुर जवानों से यहां बुधवार को मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया. शाह ने यहां एक कार्यक्रम में इन जवानों को सम्मानित किया तथा देशवासियों के मन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के लिए सभी सुरक्षा बलों को बधाई भी दी.

उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत ऐसे समय किया गया जब कश्मीर में पर्यटन तेजी से बढ रहा था. उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सरकार के 'कश्मीर मिशन' को विफल करना था लेकिन आतंकवादियों को इसमें सफलता नहीं मिली. शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों से लोगों में संतुष्टि थी परंतु ऑपरेशन महादेव ने उस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदलने का काम किया है. केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन महादेव में मारे गये आतंकवादी वही थे जिन्होंने पहलगाम में हमला किया था. राष्ट्रीय जांच एजेन्सी की फोरेन्सिक प्रयोगशाला ने इसे सिद्ध कर दिया है.

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के इसी विश्वास के आधार पर भारत हर क्षेत्र में शीर्ष पर रहने की दिशा में बढ रहा है. गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और आपरेशन महादेव की सफलता पर पक्ष,विपक्ष सहित समूचे देश में आनंद और उत्साह के साथ-साथ सुरक्षा बलों के प्रति अभिनंदन का भाव था. केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकवादियों के आकाओं को साफ - साफ बता दिया है कि भारत के नागरिकों के जीवन से खेलने का अंजाम क्या होता है. इन दोनों ऑपरेशनों ने यह भी साबित कर दिया है कि आतंकवादी चाहे कितने भी तरीके और रणनीति बदलें लेकिन यदि वे भारत को आहत करेंगे तो वे अब बच नहीं सकते.

आतंकवाद रोधी अभियानों में जम्मू कश्मीर पुलिस की बढती भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ आतंक के विरुद्ध लड़ाई में अब जम्मू-कश्मीर पुलिस भी आगे रहती है.

विघ्नहर्ता सभी के दुख दूर करें : केजरीवाल

- गणेश चतुर्थी पर केजरीवाल ने दी शुभकामनाएं
- गणेश उत्सव पर केजरीवाल का ट्वीट वायरल

नयी दिल्ली, 27 अगस्त. अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर किया पोस्ट, देशवासियों को दी गणेश चतुर्थी की बधाई गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को बधाई दी है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से अपने शुभकामना संदेश में भगवान गणेश से सभी के जीवन में खुशहाली और बाधाओं के निवारण की प्रार्थना की.

देशभर में आज गणेश चतुर्थी की धूम है और लोग श्रद्धा व उल्लास से भगवान गणेश का स्वागत कर रहे हैं. इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने एक्स पर एक भावनात्मक संदेश साझा करते हुए लिखा- श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ.

विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी आपके जीवन से सभी बाधाएँ दूर करें, सुख-समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें. मुख्यमंत्री का यह संदेश देखते ही देखते वायरल हो गया और हजारों लोगों ने इसे लाइक, रीट्वीट और साझा किया. उनके ट्वीट पर गणेश भक्तों की प्रतिक्रिया भी देखने को मिली, जिनमें लोगों ने गणपति बप्पा मोरया, जय गणेशा जैसे उत्साहपूर्ण कमेंट्स किए.

केजरीवाल का यह सन्देश न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि उन्होंने यह भी संकेत दिया कि गणेश चतुर्थी जैसे पर्व हमारे समाज में सामूहिक एकता, विश्वास और नई शुरुआत का प्रतीक हैं. इस पर्व को लेकर दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों में उत्सव का माहौल है. कई जगहों पर इको-फ्रेंडली गणपति की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं, तो वहीं भजन, आरती और झांकियों के माध्यम से भी श्रद्धालु अपने आराध्य को सम्मान दे रहे हैं. अरविंद केजरीवाल का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब देश सामाजिक और राजनीतिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है. ऐसे में उनका यह ट्वीट लोगों के बीच धार्मिक सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है.

फडणवीस बोले- शिंदे से कोई मतभेद नहीं

शिंदे-फडणवीस की जोड़ी में दरार की खबरों पर विराम

शहरी विकास विभाग पर नाराज़गी थी, मतभेद नहीं



मुंबई, 27 अगस्त. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ किसी भी तरह के मतभेद की अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि उनके बीच मतभेद पैदा करने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी.

फडणवीस ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, कोई कितना भी मतभेद पैदा करने की कोशिश करे, हम एकजुट रहेंगे. यह बयान दोनों नेताओं के बीच कथित मतभेद की उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि श्री फडणवीस ने हाल ही में एक समीक्षा बैठक के दौरान श्री शिंदे के अधीन शहरी विकास विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई थी.

मुख्यमंत्री ने अमृत कार्यक्रम जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के धीमे कार्यान्वयन पर असंतोष व्यक्त किया था. दोनों नेताओं ने अब अपना रुख स्पष्ट कर दिया है. श्री फडणवीस ने दोहराया कि दोनों के बीच पूर्ण समन्वय है और दरार पैदा करने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी. श्री शिंदे ने यह भी कहा, हमारे बीच कोई विवाद नहीं है. हम महाराष्ट्र के विकास के मकसद से मिलकर काम कर रहे हैं.

राहुल गांधी की तू तड़ाक की भाषा उनके डीएनए में शामिल : भाजपा

नयी दिल्ली. भाजपा ने कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तू तड़ाक वाली भाषा पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि ऐसा करना उनके डीएनए में आ गया है. भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री गांधी अब बड़बोले बन गए हैं, वह पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और अन्य व्यक्तियों के लिए तू तड़ाक जैसी भाषा का इस्तेमाल कर शब्दों की मर्यादा को तार तार कर रहे हैं. भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि एक दिन पहले श्री गांधी की यात्रा में तिरंगे का अपमान होता देख पूरा बिहार और भारत की जनता आहत है.

ट्रंप ने फिर किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा



वाशिंगटन, 27 अगस्त. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इस साल मई में भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का श्रेय उन्हें जाता है और उन्होंने ऊंचे आयात शुल्क की धमकी देकर संघर्ष विराम कराया था.

श्री ट्रंप ने मंगलवार को वाशिंगटन में मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान कहा कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्या हो रहा है. इसके बाद उन्होंने पाकिस्तान से भी पूछा कि क्या हो रहा है. उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जबरदस्त नफरत है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि वह हस्तक्षेप नहीं करते तो दोनों देश परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहे थे. भारत ने बार-बार किसी बाहरी दबाव में सैन्य कार्रवाई रोकने की बात से इनकार किया है. ट्रंप ने कैबिनेट की बैठक में दावा किया कि उन्होंने श्री मोदी से पूछा, आप व्यापार करना चाहते हैं? यदि आप लड़ाई जारी रखेंगे तो हम आपके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे. अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, उन्होंने श्री मोदी से 24 घंटे के भीतर लड़ाई रोकने को कहते हुये ऐसा नहीं करने पर भारी-भरकम आयात शुल्क लगाने की धमकी दी.

ट्रंप ने चार बार पीएम मोदी को किया फोन : जर्मन अखबार

नई दिल्ली. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चार बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन पीएम मोदी ने कॉल रिसीव नहीं किया. जर्मन अखबार के मुताबिक, इसके पीछे भारत की बड़ी कूटनीतिक रणनीति है. अखबार का दावा है कि मोदी सरकार अब अमेरिका के दबाव में आकर चीन का मोहरा बनने के बजाय, बीजिंग से रिश्ते सुधारने की दिशा में कदम बढ़ा रही है.

औद्योगिक परिदृश्य में नए अवसरों का सृजन किया : साय

रायपुर/सोल, 27 अगस्त. छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्वास व्यक्त किया है कि दक्षिण कोरिया कंपनियों की भागीदारी से राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में नए अवसरों का सृजन होगा तथा दक्षिण कोरिया-भारत औद्योगिक सहयोग को एक नई ऊँचाई मिलेगी.

श्री साय अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान बुधवार को सोल में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सेंटर एसोसिएशन (एटीसीए) के चेयरमैन ली जे जेंग एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की.

एटीसीए एक सशक्त औद्योगिक नेटवर्क है, जिसमें आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल क्षेत्र की 60 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ शामिल हैं.

मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म मामले में गाजियाबाद प्रशासन से मांगा जवाब

नयी दिल्ली. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में मूक बधिर के साथ सामूहिक दुष्कर्म और मृत्यु के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक और जिलाधिकारी को नोटिस भेजकर दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. मूक और बधिर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता की कथित मृत्यु से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट का स्वत- संज्ञान लेते हुए आयोग ने कहा कि पीड़िता 21 अगस्त को गाजियाबाद जिले में अपने घर पर मृत पायी गयी थी.

संघ पड़ोसी देशों में शुरू करेगा संपर्क अभियान

नयी दिल्ली, 27 अगस्त . राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश में हर घर, हर वर्ग, हर सम्प्रदाय के साथ सम्पर्क करने का एक बड़ा अभियान शीघ्र चलायेगा और वह इसके साथ पड़ोसी देशों में भी सम्पर्क कार्यक्रम चलाने का विचार कर रहा है.

संघ की योजना इस अभियान को विश्वस्तर पर ले जाने की है. संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने संगठन के शताब्दी वर्ष समारोहों के अंतर्गत राजधानी में - '100 वर्ष की संघ यात्रा , नये क्षितिज' शीर्षक से तीन दिवसीय व्याख्यान माला में बुधवार को अपने दूसरे व्याख्यान में संगठन की आगे की यात्रा का खाका प्रस्तुत करते हुए ये बातें कहीं. पहले दिन उन्होंने संघ की स्थापना और सौ साल की यात्रा का एक विहंगम खाका प्रस्तुत किया था और कहा था कि संघ को जितना विरोध झेलना पड़ा उतना विरोध किसी अन्य सामाजिक संगठन को नहीं में सहना पड़ा है.

उन्होंने कहा ,अब संघ का विरोध कम हो गयी है, विरोध का धार भोथरी हो गयी है . संघ की बात को आज सुना जाता है. उन्होंने कहा कि हमें सर्वत्र संपर्क बढ़ाना होगा, सबसे पहले पड़ोसी देशों पर ध्यान देना है. हमरी, नदियां, जगल, पहाड़ वही हैं केवल कागज पर विभाजन की रेखा है. हमरा लक्ष्य उनको जोड़ना, वहां शांति और विकास की कामना करना होना चाहिए. उनके भले ही पंथ संप्रदाय अलग भले हों, उनके उनके संस्कार अच्छे होने चाहिए.

छात्रा ने खुद को लगाई आग, मौत के बाद बवाल

पटना, 27 अगस्त. में स्कूल बना मातमगाह, बाथरूम में मिली आग से झुलसी छात्रा की लाश पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब एक सरकारी कन्या विद्यालय में पढ़ने वाली 12 वर्षीय छात्रा ने स्कूल के बाथरूम में खुद को आग लगा ली.

गंभीर रूप से झुलसी छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वह जिंदगी की जंग हार गई. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया और दारोगा की पिटाई कर दी. बिहार की राजधानी पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित अमला टोला कन्या मध्य विद्यालय बुधवार को अचानक तब चर्चा में आ गया जब पांचवीं कक्षा की एक छात्रा ने स्कूल के बाथरूम में कथित रूप से आत्मदाह कर लिया.

स्कूल से धुआं और जलने की गंध उठने पर शिक्षकों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ा, जहाँ छात्रा आग में झुलसी हुई अवस्था में मिली. उसे तुरंत पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में उसकी मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी एसपी (सेंट्रल) दीक्षा और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची. बाथरूम से केरोसीन का डिब्बा और जले हुए कपड़े बरामद हुए हैं, जिससे आत्मदाह की संभावना को बल मिला है. हालांकि, पुलिस अभी तक किसी बाहरी व्यक्ति की मौजूदगी की पुष्टि नहीं कर सकी है. सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और एफआईआर दर्ज की गई है. स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है.

एक नजर में

मोदी मित्र' की टैरिफ नीति से भारत को झटका

नयी दिल्ली. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिका के 50 फीसदी आयात शुल्क लगाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि जिन डोनाल्ड ट्रम्प के लिए वह वोट मांग रहे थे उनके उसी मित्र ने बुधवार से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया जिससे कई क्षेत्र के कारोबार पर संकट आएगा और लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ जायेंगी. श्री खरगे ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले पर श्री मोदी को संबोधित करते हुए कहा, आपके प्रिय मित्र 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' ने आज से भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है. इस आयात शुल्क के पहले झटके से अकेले 10 क्षेत्रों में हमें 2.17 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है. इस फैसले से हमारे किसान, खासकर कपास उत्पादक किसान, बुरी तरह प्रभावित हैं. आपने कहा था कि उनकी रक्षा के लिए कोई भी 'व्यक्तिगत कीमत' चुकाने को तैयार हैं लेकिन आपने इस झटके को कम करने और उनकी आजीविका की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया.

इमारत के ढहने से दो लोगों की मौत, कई घायल

मुंबई. महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार इलाके में मंगलवार देर रात एक चार मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए. यह जानकारी अधिकारियों ने दी. सूत्रों ने बताया कि रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा कल रात करीब 11:30 बजे ढह कर उससे सटे एक चॉल पर गिर गया, जिससे कई लोगों की मलबे में दबने की आशंका है. दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन विभाग और वसई विरार नगर निगम की टीमों ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया. एनडीआरएफ के उप कमांडर प्रमोद सिंह ने बताया कि दो टीमें तैनात की गईं, एक मुंबई से और दूसरी पालघर की है. उन्होंने कहा, आधी रात को सूचना मिलते ही निकटतम टीम ने तुरंत कार्रवाई की. राहत एवं बचाव अभियान में मानव और खोजी स्वानों की मदद ली गयी और चार लोगों को बाहर निकाला गया. इनमें से एक की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया. एक साल के बच्चे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी. अब तक 11 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि कई अन्य के फंसे होने की आशंका है. अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान अभी भी जारी है.

रेल की 4 परियोजनाओं को हरी झंडी

नई दिल्ली, 27 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 12,328 करोड़ की लागत वाली चार महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है. ये परियोजनाएं न केवल पांच राज्यों में कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगी, बल्कि माल परिवहन, पर्यटन और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेंगी.

केंद्र सरकार ने देश के रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 12,328 करोड़ की चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जो गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम में लागू होंगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इन योजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिनका उद्देश्य रेल ढांचे का विस्तार, परिवहन दक्षता बढ़ाना और क्षेत्रीय विकास को गति देना है. गुजरात के कच्छ क्षेत्र में देशलपर-हाजीपीर-लूना और वयोर-लाखपत रेल लाइन के निर्माण पर 2,526 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

145 रूट किमी और 164 ट्रैक किमी लंबी यह लाइन अगले तीन वर्षों में पूरी होगी. इससे नमक, सीमेंट, कोयला जैसे औद्योगिक उत्पादों की ढुलाई आसान होगी, साथ ही पर्यटन स्थलों—जैसे रण ऑफ कच्छ, धोलावीरा, कोटेश्वर मंदिर—को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी. साथ ही 13 नए स्टेशन बनेंगे और 866 गांवों के 16 लाख लोगों को सीधा फायदा होगा. दक्षिण भारत में, सिकंदराबाद-वाडी के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने की परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसकी लागत 5,012 करोड़ है. इसे पांच वर्षों में पूरा किया जाएगा.

आज का इतिहास

1600: मुगलों ने अहमदनगर पर कब्जा किया.
1845: प्रसिद्ध पत्रिका साइंटेफिक अमेरिकन का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ.
1896: प्रसिद्ध उर्दू शायर फ़िराक गोरखपुरी का जन्म.
1904: कलकत्ता (अब कोलकाता) से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन हुआ.
1916: जर्मनी ने रोमानिया के विरूद्ध युद्ध की घोषणा की.
1928: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के भूतपूर्व अध्यक्ष एम.जी. के. मेनन का जन्म .
1972: साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण बिल पारित किया गया.
1984: तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.

जलप्रलय का कहर | **टूटी यूबीडीसी नहर, पठानकोट-जम्मू हाईवे डूबा**

पंजाब के कई शहरों में बारिश-बाढ़ से तबाही

चंड़ीगढ़, 27 अगस्त. पंजाब के पठानकोट समेत कई शहरों में बुधवार को बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. बुधवार सुबह अपर बारी दोआब नहर के अचानक टूट जाने से जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग जलमग्न हो गया. पंजाब के घरों में आठ फीट तक पानी भर गया. हाईवे पर करीब दो फीट तक पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया.

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की ओर से भी पानी छोड़ा गया है, जिससे पंजाब के सात जिलों में बाढ आ गया है. कई गांवों के घरों में पानी घुस चुका है, और स्थानीय प्रशासन को स्कूल-कॉलेज बंद करने पड़े हैं. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल लोगों को निकालने के लिए मौके पर मौजूद है. जम्मू और कश्मीर में लगातार बारिश के बादयूबीडीसी नहर में जल स्तर बढ़ गया, फसलें जलमग्न हो गईं और मवेशियों व अन्य पशुओं की जान चली गई.

नवोदय विद्यालय से 400 छात्रों को बचाया

गुरदासपुर. पंजाब में गुरदासपुर के दाबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के लगभग 400 छात्र और स्कूल के कर्मचारी बाढ़ के पानी के कारण स्कूल में फंस गये. स्कूल का भूतल चार फुट से ज़्यादा पानी में डूब गया था, जिसके बाद छात्रों को पहली मंजिल पर ले जाया गया. सेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमों ने 12 किलोमीटर दूर 40 कर्मचारियों को बचाने का काम शुरू कर दिया है.

स्यानाचट्टी में अस्थाई झील को खोलने के कार्य का धामी ने लिया जायजा

स्यानाचट्टी. उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के स्यानाचट्टी में यमुना नदी में मलबा आने से नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने के कारण बनी अस्थाई झील को खोलने का प्रयास पिछले तीन दिनों से जारी है. इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को खुद मौके पर पहुंच हालात का जायजा लिया. इस दौरान, उन्होंने आसपास के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित लोगों से मिल उनकी समस्याएं सुनी. उन्होंने पीड़ितों को हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वाशन दिया. धामी ने जिलाधिकारी को जल भराव और मलबा आने से स्थानीय लोगों का हुए नुकसान का तत्काल आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जा चुके हैं.